भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 1
सोमवार, 3 फरवरी, 2025/14 माघ, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

नालंदा में विरासत स्थलों का सौंदर्यीकरण

1. **श्री कौशलेन्द्र कुमार:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार नालंदा में प्रसिद्ध, अति प्राचीन विरासत स्थलों के सौंदर्यीकरण के लिए कोई विशेष कदम उठाने का है यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार राजगीर में आने वाले तीर्थयात्रियों और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए वहां पांच सितारा होटल के निर्माण हेतु किसी कार्य-योजना पर कार्य कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' की केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के प्रयासों को पूरा करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन स्थलों के एकीकृत विकास के लिए एक मजबूत ढांचा तैयार करने के मिशन के साथ स्वदेश दर्शन 2.0 के रूप में अपनी स्वदेश दर्शन योजना को नया रूप दिया है। राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन के परामर्श से और योजना दिशानिर्देशों के अनुरूप, स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत परियोजनाओं के विकास के लिए बिहार के नालंदा सहित 32 राज्यों/ संघ राज्यक्षेत्रों में 58 गंतव्यों की पहचान की गई है।

(ख): देश में पर्यटक आवास इकाइयों का विकास मुख्य रूप से निजी क्षेत्र द्वारा किया जाता है। भारत सरकार का पर्यटन मंत्रालय होटलों के वर्गीकरण/अनुमोदन की अपनी स्वैच्छिक योजना के तहत केवल चालू (आपरेशनल) होटलों को वर्गीकृत करता है।

*****